<u>प्रो. (डा.) कृष्ण कुमार नाग, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–21.10.2019 (सोमवार) को समिति कार्यालय रांची, में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 58वीं की बैठक की कार्यवाही :–</u>

1. **उपस्थिति :–** बैठक में उपस्थित/अनुपस्थित सदस्य यथास्थान अभिलिखित :

क्रम सं.	नाम	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1.	प्रो. (डा.) कृष्ण कुमार नाग, नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र।	सभापति	उपस्थित
2.	जटा शंकर चौधरी, भा.प्र.से. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार	सदस्य	उपस्थित
3.	श्री अखिलेश वाजपेयी संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, (वित्त–विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य) झारखण्ड सरकार, राँची।	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री हरे कृष्ण प्रसाद सिन्हा, (प्रख्यात शिक्षाविद्), पूर्व सह–शिक्षक, नेतरहाट विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
5.	श्री विनोद कुमार कर्ण, (पूर्व प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
6.	प्रो. (डा.) नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
7.	डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य–सचिव	उपस्थित
8.	श्री भानू कुमार, अधिवक्ता, झारखण्ड हाई कोर्ट, रांची।	विशेष आमंत्रित सदस्य	उपस्थित

2. **<u>कार्यसूची मद संख्या–01</u>** :– विगत 57वीं बैठक दिनांक–29.08.2019 की कार्यवाही की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।

कृष्ण कुमार नाग
12.11.2019

3. <u>कार्यसूची मद संख्या–02</u> :– विगत 57वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा समर्पित कृत अनुपालन प्रतिवेदन की विन्दुवार समीक्षा की गई; तदनुसार, कुछेक अनुपालित विन्दुओं के संदर्भ में कतिपय निर्देश के साथ समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।

(i) अनुपालन प्रतिवेदन क्रमांक –02 (क) – प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय कार्यालय आदेशांक–1425, दिनांक–23.08.2019 के माध्यम से अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए एक उप–समिति गठित की गई है। आदेश की प्रति सदस्यों के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। तद्नुसार प्राचार्य को यह निर्देश हुआ कि गठित उप–समिति की एक बैठक बुलाकर अनुशासन को सुदृढ़ करने सम्बन्धी प्रस्तावों पर विचार कर कार्यवाही की प्रति आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

(ii) अनुपालन प्रतिवेदन क्रमांक –02 (ख) विद्यालय के 460 एकड़ भू–खण्ड के पक्की चाहरदीवारी के संबंध में प्राचार्य द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि उक्त मामला दिनांक–26.09.2019 को आहूत सामान्य निकाय समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक में रखा गया था। बैठक की कार्यवाही संप्रति प्रतीक्षित है। इस संबंध में प्राचार्य द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि इस निमित्त कार्यकारिणी समिति के निर्देशानुसार एक उप–समिति भी गठित की गई थी। बैठक में उपस्थित उप–समिति के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार कर्ण ने सदस्यों को अवगत कराया कि वर्तमान में विद्यालय के पास अंचलाधिकारी, महुआडाँड़ का जो पत्र है उसमें विद्यालय के नाम मात्र147 एकड़ भूमि ही दर्ज की गई है। शेष भूमि के विषय में तत्सम्बन्धी कागजात के विषय में जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। तत्काल, सर्वप्रथम 147 एकड़ भूमि को चिन्हित कर लेना आवश्यक होगा, ताकि उक्त अभिलिखित भू–खण्ड पर किसी का अवैध कब्जा न हो। इस संदर्भ में प्राचार्य को निर्देश हुआ कि सर्वप्रथम 147 एकड़ भूमि को चिन्हित करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाय।

(iii) अनुपालन प्रतिवेदन क्रमांक –07 : प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव द्वारा सदस्यों का अवगत कराया गया कि श्री मनीष कुमार जो विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र रहे हैं, संप्रति भवन प्रमंडल, लातेहार के कार्यपालक अभियंता नियुक्त किए गए हैं। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि श्री मनीष कुमार दिनांक–17.10.2019 को विद्यालय आये थे एवं उन्होंने स्वयं निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने संवेदक को कार्यो में गतिशीलता लाने तथा सुधार के लिए आवश्यक निर्देश भी दिया था। इस सम्बन्ध में प्राचार्य को निर्देश हुआ कि वे स्वयं श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार को

कृष्ण कुमार कर्ण
12.11.2019

कार्यकारिणी समिति, ने0 वि0 स0 के निर्णय से उन्हें अवगत करा दें, कि नव–निर्माण और जीर्णोधार कार्यो में यदि ऐसी ही शिथिलता रही, और ससमय कार्य पूरा नहीं किया गया अथवा कार्यो में सुधार न हुआ तो कार्यकारिणी समिति निगरानी जांच सम्बन्धी अग्रेतर कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

4. <u>कार्यसूची मद संख्या–03</u> :– बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव द्वारा विद्यालय के C.B.S.E. नई दिल्ली से संबद्ध होने के फलस्वरूप पूर्व से चले आ रहे शैक्षणिक दीर्घावकाश (90 दिनों) को तीन भागों में विभक्त करने का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव को यह निर्देश हुआ कि इस संबंध में स्थानीय प्रबंधन समिति की एक बैठक बुलाकर यह स्पष्ट करें कि 15 अगस्त के कार्यकम में विद्यालय का खुला रहना, और सितम्बर माह में सी.बी.एस.सी. के निर्देशानुसार परीक्षा के कार्यक्रम को ध्यान में रखकर दशहरा के समय 15 दिन का ऐसा अवकाश रखें कि बच्चे दीवाली विद्यालय में मनाएं। ऐसे प्रस्तावों के साथ बैठक की कार्यवाही को कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अगली बैठक में अवगतार्थ प्रस्तुत करें।

5. <u>कार्यसूची मद संख्या–04</u> :– बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि इस वर्ष 15 नवंबर, 2019 में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के किसी गणमान्य व्यक्ति को आमंत्रित किया जाय। जिस पर सभापति एवं सदस्यों द्वारा प्राचार्य को निर्देश दिए गए कि विद्यालय के प्रथम बैच के पूर्ववर्त्ती छात्र, श्री राजकुमार जी को मुख्य अतिथि के रूप में आने हेतु आमंत्रण–पत्र भेजी जाय। स्थापना दिवस के रात्रि प्रीति–भोज में प्राचार्य द्वारा निमंत्रित व्यक्तियों को ही सम्मिलित किए जाने पर सबकी सहमति बनी।

छात्रों के माता–पिता/अभिभावकों या किसी भी स्वजन को अपने मन या सुविधानुसार जब–तब आगमन से विद्यालय की गुरूकुल परम्परा पर आघात होता है। प्राचार्य को यह भी निर्देश दिया गया कि कृपया सभी अभिभावकों को एक पत्र लिख दें कि प्राचार्य के द्वारा निमंत्रित किए जाने के बाद ही कोई भी अभिभावक विद्यालय में पधारें ताकि यथोचित आतिथ्य–सम्मान के साथ उनका स्वागत हो सके। अभिभावकों को आदर सहित जून माह में वर्षावकाश के पूर्व मातृ–पितृ पूजन–संस्कार पर्व में निमंत्रण दिया जाएगा। जिसमें प्रथम और अन्तिम वर्ष के बालकों के अभिभावक सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार जब भी नए बच्चे नामांकन के बाद विद्यालय में आयेंगे तो इन नए बच्चों के लिए नेतरहाट विद्यालय के ही सभी शिक्षक–प्रशिक्षक एवं सभी माताएं गुरूकुल परम्परा के तहत गुरू–पिता व गुरू–माता के रूप में मातृ–पितृ पूजन–संस्कार पर्व में भाग लेंगें।

12.11.2019

तद्नुसार, प्राचार्य द्वारा शेष प्रस्तावित विन्दुओं पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

6. <u>कार्यसूची मद संख्या–05</u> :– विद्यालय में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु रोस्टर पंजी क्लीयरेंस के संबंध में बैठक में उपस्थित निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्राचार्य सह–सदस्य सचिव को यह निर्देश हुआ कि अपने साथ श्री दिवाकर प्रसाद सिंह, (से0नि0), संयुक्त सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार को लेकर दिनांक–22.10.2019 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में मिल लेंगे तत्पश्चात् अग्रेतर कार्रवाई किए जाने की सहमति दी।

7. <u>कार्यसूची मद संख्या–06</u> :– विद्यालय मुख्य गेट एवं गार्ड रूम तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के आवास के लिए एक Water Sump के निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति के संबंध में प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के स्तर से प्रदान की गई।

8. <u>कार्यसूची मद संख्या–07</u> :– बैठक में उपस्थित सदस्यों को प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि संप्रति समय–समय पर विद्यालय कार्यालय में कार्य की अधिकता को ध्यान में रखते हुए नेतरहाट समिति कार्यालय, रांची में पदस्थापित कर्मियों को आवश्यकतानुसार मुख्यालय नेतरहाट बुलाया जाय। इस संबंध में सभापति द्वारा प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव को निर्देश दिए गए कि समिति कार्यालय में कार्यरत श्री अशोक कुमार, पियन एवं श्री शैलेश भगत, चालक को यथावत रहने दिया जाय तथा श्री बसंत कुमार महली, पियन को समय–समय पर नेतरहाट मुख्यालय बुलाये जाने पर निर्णय लिया गया, क्योंकि तत्काल शिक्षकेत्तर कर्मियों के बहुत से पद रिक्त हैं और जबतक ये पद भर नहीं लिए जाते तबतक इस व्यवस्था से विद्यालय और रांची अवस्थित समिति कार्यालय दोनों ही जगह कार्य सम्पादित किए जा सकें ।

9. <u>कार्यसूची मद संख्या–08</u> :– प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए तैयार बजट प्राक्कलन की एक–एक छायाप्रति उपलब्ध करायी गई तद्नुसार, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के स्वीकृत्योपरांत बजट प्राक्कलन को प्रशासी विभाग को समर्पित किये जाने पर निर्णय हुआ।

10. <u>कार्यसूची मद संख्या–09</u> :– बैठक में उपस्थित सदस्यों को प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नेतरहाट आवासीय विद्यालय को C.B.S.E. नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त हो चुका है। C.B.S.E. नई दिल्ली के नियमानुसार संबंधित विद्यालय के वेबसाइट में विद्यालय का Short Documentary Movie अपलोड किया जाना वांछित

12.11.2019

बताया गया। इस पर कार्यकारिणी समिति के सदस्य श्री एन. एन पाण्डेय को स्क्रिप्ट लिखने हेतु प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया तथा प्राचार्य को यह निर्देश हुआ कि Documentary Movie की स्क्रिप्ट यथाशीघ्र प्राप्त कर कार्यकारिणी समिति की अगली बैठक में विचार-विमर्श हेतु रखा जाय।

11. <u>कार्यसूची मद संख्या-10</u> :- प्राचार्य, सह-सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि श्री ओम प्रकाश तियु, रसायन शास्त्र शिक्षक ने बी. एड. की परीक्षा देने के बाद दिनांक-26.08.2019 को विद्यालय में पुनः अपना योगदान दे दिया है; और वे कार्यरत हैं। इस पर कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्णय लिया गया कि चूंकि उनके बी. एड. की परीक्षा का परिणाम आ चुका है, अतः श्री तियु की सेवा संपुष्टि की जाय।

12. <u>कार्यसूची मद संख्या-11</u> :- विज्ञापन संख्या- Net Appointment-02/2018 (प्रशासनिक पदाधिकारी के नियुक्ति संबंधी) के संदर्भ में चयन समिति की अनुशंसा तथा दिनांक-29.08.2019 को आहूत कार्यकारिणी समिति की 57 वीं बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में श्री रौशन कुमार बक्शी ने प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पर दिनांक-18.09.2018 को अपना योगदान कर दिया है। प्रशासनिक पदाधिकारी का कार्य-दायित्व समिति की नियुक्ति सेवा-शर्त तथा अनुशासन नियमावली-2011 के पृष्ठ-40 कंडिका-2ए(a) के अनुसार विनियमित किए जाने का कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

13. <u>कार्यसूची मद संख्या-12</u> :- प्राचार्य, सह-सदस्य द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को डॉ0 मयंक भार्गव, हिन्दी शिक्षक एवं डॉ0 ओम प्रकाश आर्य, संस्कृत शिक्षक के झारखण्ड राज्य से अन्यत्र चयन हो जाने से अवगत कराया, तद्नुसार उनके द्वारा पदत्याग के साथ-साथ 02 वर्षों के लिए lien के लिए मांग किए जाने की बात बताई। चूँकि समिति की नियुक्ति सेवा-शर्त तथा अनुशासन नियमावली-2011 में ग्रहणाधिकार (lien) से संबंधित कोई नियम का उल्लेख नहीं है इसलिए सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पद त्याग की स्वीकृति एवं lien नहीं दिए जाने का निर्णय लिया गया। गजट में उल्लिखित नियमानुसार सेवा-संपुष्टि के उपरांत पद त्याग करने वाले कर्मियों के संदर्भ में वर्णित यथेचित कार्रवाई करने हेतु प्राचार्य, सह-सदस्य सचिव को प्राधिकृत किया गया।

14. <u>कार्यसूची मद संख्या-13</u> :- विद्यालय के सिक-रूम की छतों एवं विद्यालय परिसर स्थित सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों के बारे में प्राचार्य, सह-सदस्य द्वारा अवगत कराया गया कि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव से सभी बहुत खराब हो चुके हैं जिसके जीर्णोद्धार की नितांत आवश्यकता है। इस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का निर्णय हुआ कि सिक-रूम की छत के

रंजन कुमार नाग
12.11.2019

ऊपर सिक रूम में पदस्थापित चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के लिए आवास तैयार किए जाएं और उसके छतों पर पानी का जमाव न हो इसके लिए छत को ढालु-नुमा बनाया जाय। विद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों के भी रंग-रोगन एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान दी गई।

15. <u>कार्यसूची मद संख्या-14</u> :- सत्र 2019-20 के लिए नये छात्रों के नामांकन एवं उनके आवासन के संदर्भ में प्राचार्य, सह-सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि इसके लिए कुछेक आवश्यक फर्नीचर यथा-बेड, गद्दा, बेडलॉकर, अलमीरा आदि की क्रय करने की जरूरत है। इस पर कार्यकारिणी समिति की सदस्यों का निर्णय हुआ कि सभी वस्तुओं के क्रय-संबंधी निविदा यथाशीघ्र प्रसारित कर दिए जायं। इस बात पर भी चर्चा हुई कि निविदा खोले जाने के दिन कार्यकारिणी समिति के एक सदस्य की उपस्थिति से क्रय-विक्रय समिति और कार्यकारिणी समिति के निर्णयों की पारदर्शिता सुलभ और आसान होगी। इस संबंध में प्राचार्य, सह-सदस्य सचिव, को निविदा प्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्राधिकृत किया गया।

16. <u>कार्यसूची मद संख्या-15</u> :- विद्यालय में कार्यरत श्रीमती ममता कुमारी, कृषि प्रशिक्षिका के संदर्भ में बैठक में उपिस्थत सदस्यों को अवगत कराया गया कि श्रीमती ममता कुमारी विगत 05 वर्षो से संविदा के आधार पर कृषि प्रशिक्षिका के पद पर कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा मानदेय राशि की बढ़ोतरी की मांग की गई, जिस पर कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का मत हुआ कि उनके कार्य प्रशंसनीय रहे हैं। मानदेय राशि में आंशिक वृद्धि करते हुए वेतन भुगतान किया जा सकता है अथवा नहीं, इस सम्बन्ध में वित विभाग के प्रतिनिधि सदस्य श्री वाजपेयी जी का अभिमत था कि झारखण्ड सरकार में संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का प्रावधान अभी देय नहीं है। श्री एच. के. पी. सिन्हा जी का मत था कि संविदा पर नियुक्त जो भी कर्मचारी हों, यदि उनकी सेवा में कुछ भी दिनों के लिए सेवा में टूट होती है तो श्रीमती ममता कुमारी की सेवा में भी नियमानुसार टूट होनी चाहिए। कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा श्रीमती ममता कुमारी की प्रशंसनीय सेवा को ध्यान में रखते हुए, बैठक में उपस्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशक श्री चौधरी जी से आग्रह किया गया कि वे पूर्व में नेतरहाट अब तक नहीं जा पाए हैं, अतः कृपया नेतरहाट जाएं, और विद्यालय के कार्य-कलापों को देखें। उसी कम में श्रीमती ममता कुमारी द्वारा किए गए कार्यों को भी अवश्य निरीक्षण कर लें ताकि कृषि प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति में विधिसम्मत उचित निर्णय लिये जा सकें।

17. <u>कार्यसूची मदं संख्या-16</u> :- विद्यालय के सभी बंगलों यथा संख्या-01, 02, 03, एवं 05 की पुरानी Sheet को हटाकर नए Blue Roofing sheet लागाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

12.11.2019

18. **कार्यसूची मद संख्या–17** :– समिति द्वारा नियुक्त शिक्षकों के द्वारा नेतरहाट विद्यालय संघ बनाने एवं एतदर्थ एक कमरा आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों द्वारा इस प्रस्ताव को अस्वीकृत किया गया कि उन्हें अलग से कोई कमरा आवंटित किया जाय। सभी शिक्षकों का एक संघ बन सके ताकि सुचारू रूप से विद्यालय के सभी कार्य हों और सभी खुशहाल रहें, पर अनुशासन न बिगड़ें, इस विषय पर स्थानीय प्रबन्धन समिति बैठक कर अपने प्रस्तावों को कार्यकारिणी के समक्ष रखा जाना उचित होगा।

19. **कार्यसूची मद संख्या–18** :– कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के सभी सदस्यों के द्वारा विद्यालय नव–निर्मित ऑडिटोरियम को तकनीकी मापदण्डों के आधार पर हस्तगत लिये जाने हेतु प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव को निर्देश दिए गए।

20. **कार्यसूची मद संख्या–19** :– बैठक में उपस्थित प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव द्वारा सभी सदस्यों को बाल निकेतन, नेतरहाट के संबंध में अवगत कराया कि बाल निकेतन, नेतरहाट में विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के बच्चों के साथ–साथ पठार के अन्य छोटे–छोटे बच्चे भी निर्धारित शुल्क के साथ पठन–पाठन कर रहें हैं। इस पर समिति के सभी सदस्यों का निर्देश हुआ कि बाल निकेतन नेतरहाट विद्यालय का अंश नहीं है। इस सम्बन्ध में नेतरहाट विद्यालय की कार्यकारिणी समिति में इसके सम्बन्ध में चर्चा नहीं होनी चाहिए। यद्यपि यह सर्वविदित है कि यह बाल निकेतन नेतरहाट विद्यालय के शिक्षक–प्रशिक्षक व सभी कर्मचारियों के छोटे–छोटे बच्चों के अध्ययन का केन्द्र रहा है और विद्यालय हित में इसे आगे भी जारी रखे रहना परम आवश्यक है। चूँकि इस विद्यालय को चलाने में आम जनता का पैसा लग रहा है इसलिए इसका वार्षिक अंकेक्षण किया जाना अपेक्षित है। इस पर प्राचार्य को निर्देश हुआ कि इसके संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई करें।

अन्याय :– (i) कार्यसूची मद संख्या–20 : नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, (मुख्य परीक्षा) सत्र–2019–20 के नामांकन हेतु सफल छात्रों के चिकित्सीय जाँच के लिए असैन्य शल्य चिकित्सक, सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची, सदर अस्पताल द्वारा तिथि– 14.10.2019 से 17.10.2019 निर्धारित की गई थी; जिसकी सूचना विज्ञापन के माध्यम से राज्य के विभिन्न समाचार पत्रों पर प्रकाशित की गई थी। विज्ञापन के आलोक में सफल छात्रों की चिकित्सीय जाँच निर्धारित तिथि के अनुसार संपन्न हुई, जिसमें कुल 98 छात्रों का चिकित्सीय जाँच हुआ तथा 02 छात्र कतिपय कारणों से अनुपस्थित पाये गए। इस सम्बन्ध में इस बात पर भी चर्चा हुई कार्यकारिणी के सदस्य श्री एच. के. पी. सिन्हा जी तथा श्री विनोद कुमार कर्ण जी चारों दिन सदर अस्पताल गए और विद्यालय से आए प्रतिनिधि कर्मचारी ने यह सूचना दी थी कि पूरे 100 बालकों के

कृष्ण कुमार नाग
12.11.2019

मेडिकल जांच हो गये! अतः जिन बच्चों की जांच नहीं हो पायी है, उन्हें सूचित करें ताकि उनकी जांच जल्द से जल्द हो जायं। यदि वे नामांकन नहीं कराना चाहते तो उनका जगह उसी श्रेणी के जो बालक मेधा कम में अगले हों उन्हें सूचित करना और उनकी मेडिकल जांच कराना प्राचार्य की जबाबदेही हैं ताकि पूरे 100 बालको का नामांकन विद्यालय में हो, जैसा कि इस कार्यकारिणी के कार्यकाल में होता आया है।

यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे 100 नए बालकों को दिसम्बर 2019 के प्रथम सप्ताह में ही विद्यालय में प्रवेश करा लिया जाय।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

12.11.2019

(प्रो० (डा०) कृष्ण कुमार नाग)
सभापति,
नेतरहाट विद्यालय समिति,
नेतरहाट।